घोषणाओं से आगे नहीं बढ़ पाया गंजबासौदा का विकास

खास बातें

- कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं अधूरी
- अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नहीं हो सकी नियुक्ति

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 30 जुलाई, नगर के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं आज भी अधूरी पड़ी हैं. इससे नागरिकों में निराशा और असंतोष बढ़ रहा है. सबसे बड़ी चिंता 150 बिस्तरीय नवीन सिविल अस्पताल को लेकर है, जिसका लोकार्पण 23 नवंबर 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था. लोकार्पण के बाद भी अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति नहीं हो सकी है. आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं होने से अस्पताल का संचालन शुरू नहीं हो पाया और भवन लगभग बंद पड़ा है.

वर्तमान में मरीजों का उपचार पुराने राजीव गांधी जन चिकित्सालय में किया जा रहा है, जहां सीमित संसाधनों के कारण गंभीर मरीजों को विदिशा रेफर करना पड़ता है. दूसरी ओर, नए अस्पताल भवन की नियमित देखरेख नहीं होने से उसके क्षतिग्रस्त होने की आशंका भी जताई जा रही है.नगर का रिंग रोड निर्माण भी लंबे समय से अधूरा है. भूमि मुआवजे के विवाद के चलते कार्य रुका हुआ है, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है. बरसात के कारण डाली गई मिट्टी और मुरम बहने की आशंका है, जिससे परियोजना की लागत और बढ़ सकती है. स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार भी लंबे समय से मौके पर नजर नहीं आ रहा.विकास से जुड़ी अन्य घोषणाएं भी अब तक धरातल पर नहीं उतर सकी हैं. मुख्यमंत्री द्वारा गंजबासौदा का नाम वासुदेव नगर करने की घोषणा तथा इसे लेकर आगे की प्रक्रिया भी लंबित है. नगर पालिका द्वारा छह नए वार्डों के गठन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, लेकिन उस पर भी कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका. थोक सब्जी मंडी की योजना और स्मार्ट सिटी के कई कार्य भी अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाए हैं.नगर के जागरूक नागरिकों का मानना है कि अधूरी परियोजनाओं और लंबित घोषणाओं को पूरा कराने के लिए जनप्रतिनिधियों को शासन स्तर पर प्रभावी पहल करनी चाहिए. साथ ही नागरिकों का एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर गंजबासौदा से जुड़ी घोषणाओं और विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग कर सकता है.

शहर में निवास, वोट गांव में ... मतदाता सूची की विसंगति पर उठ रहे सवाल

नगर में मतदाता सूची को लेकर एक गंभीर विसंगति लंबे समय से बनी हुई है. अनुमान है कि करीब 10 हजार ऐसे लोग हैं जो पिछले कई दशकों से शहर में स्थायी रूप से निवास कर रहे हैं, नगर की सभी सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं और उनका व्यवसाय तथा दैनिक जीवन पूरी तरह शहरी क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, लेकिन उनके नाम आज भी ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची में दर्ज हैं.स्थानीय लोगों का कहना है कि इनमें से कई परिवार 40 से 50 वर्षों से शहर में रह रहे हैं. इसके बावजूद पंचायत चुनाव में रुचि होने के कारण उन्होंने अपने नाम ग्रामीण मतदाता सूची में बनाए रखे हैं. जबकि नियमानुसार स्थायी निवास के आधार पर मतदाता का नाम उसी क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए, जहां वह वास्तव में निवास करता है.यह भी आरोप लगाए जाते रहे हैं कि कुछ लोग नगर पालिका चुनाव के समय अपना नाम शहरी मतदाता सूची में जुड़वा लेते हैं और पंचायत चुनाव के दौरान पुन: ग्रामीण मतदाता सूची में दर्ज करा लेते हैं. यदि ऐसा हो रहा है तो इसकी निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है, क्योंकि एक व्यक्ति का नाम एक ही विधानसभा क्षेत्र की दो अलग-अलग स्थानीय निकायों की मतदाता सूचियों में होना चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर सकता है.जागरूक नागरिकों का मानना है कि निर्वाचन आयोग एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को ऐसे मामलों की व्यापक जांच कर वास्तविक रूप से शहर में निवास करने वाले लोगों के नाम शहरी मतदाता सूची में दर्ज कराने की कार्रवाई करनी चाहिए. इससे मतदाता सूची अधिक पारदर्शी बनेगी और नगरीय निकायों की वास्तविक जनसंख्या के अनुरूप योजनाओं एवं प्रतिनिधित्व का लाभ भी मिल सकेगा.

वार्ड वृद्धि की प्रक्रिया अधर में, आखिर कब मिलेगी नगर विस्तार को मंजूरी?

नगर के समुचित विकास के लिए नगर पालिका परिषद में वार्ड वृद्धि लंबे समय से आवश्यक मानी जा रही है. वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए नगर में लगभग 10 नए वार्ड बढ़ाए जा सकते हैं. इसके लिए शहरी सीमा से लगे ग्राम पंचायत क्षेत्रों को नगर सीमा में शामिल करने की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है.जानकारी के अनुसार संबंधित ग्राम पंचायतों से आवश्यक सहमति पत्र प्राप्त कर लिए गए हैं तथा शासन द्वारा निर्धारित सभी नियमों और औपबंधिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए प्रस्ताव तैयार कर भोपाल भेज दिया गया है. इसके बावजूद अब तक इस प्रस्ताव को अंतिम स्वीकृति नहीं मिल सकी है. परिणामस्वरूप पूरी प्रक्रिया लंबे समय से ठप पड़ी हुई है.नगर के नागरिकों का कहना है कि वार्ड वृद्धि होने से तेजी से बढ़ती आबादी को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिल सकेंगी. साथ ही शहरी सीमा से लगे क्षेत्रों को सड़क, पेयजल, नाली, स्ट्रीट लाइट और सफाई जैसी नगर पालिका की सुविधाओं का लाभ मिलेगा.लोगों का सवाल है कि जब सभी औपचारिकताएं पूरी कर फाइल शासन को भेज दी गई है तो आखिर स्वीकृति में देरी क्यों हो रही है? यदि किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक आपत्ति है तो उसे भी स्पष्ट किया जाना चाहिए. अन्यथा यह देरी नगर के विकास में बाधा बन रही है.नगर के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों का मानना है कि शासन स्तर पर शीघ्र निर्णय लेकर वार्ड वृद्धि को मंजूरी दी जानी चाहिए, ताकि आगामी नगरीय निकाय चुनाव से पहले नगर का विस्तार हो सके और नए क्षेत्रों के नागरिकों को भी शहरी सुविधाओं का लाभ मिल सके.

सक्षम अधिकारी की गैरमौजूदगी में खुला मिला आबकारी वेयरहाउस

- एसडीएम के निरीक्षण में उजागर हुईं अनियमितताएं
- शराब से भरा ट्रक भी खुला मिला

नवभारत न्यूज

सिरोंज 30 जुलाई,कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में एसडीएम ओम नारायण बड़कुल ने गुरुवार को आबकारी कार्यालय एवं वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई. जिसपर प्रशासन ने संबंधित रिकॉर्ड जब्त कर जांच शुरू कर दी है.

एसडीएम ओम नारायण बड़कुल के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम गुरुवार को आबकारी कार्यालय एवं वेयरहाउस पहुंची, जहां रिकॉर्ड की जांच की गई. निरीक्षण के दौरान सक्षम अधिकारी की अनुपस्थिति में वेयरहाउस तथा शराब से भरा ट्रक खुला पाया गया. एसडीएम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि वेयरहाउस एवं शराब से भरे ट्रक को खोलते समय निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया. निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं भी मिली. उन्होंने बताया कि कुछ रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं, जिनकी विस्तृत जांच जारी है. मामले में कथन दर्ज किए गए हैं, वहीं वेयरहाउस में आने-जाने वाले व्यक्तियों और गतिविधियों की भी जांच की जा रही है. एसडीएम ने बताया कि मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी गई है. जांच के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शराब के अवैध भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी.

फरार आरोपी पर 3 हजार का इनाम घोषित

नवभारत न्यूज

विदिशा. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना कोतवाली में दर्ज अपराध क्रमांक 24/2026 के फरार आरोपी राधे पुत्र भवरलाल मालवीय, निवासी पटेल नगर, वार्ड क्रमांक 12, जिला रायसेन की गिरफ्तारी अथवा उसके संबंध में पुख्ता सूचना देने वाले व्यक्ति को 3 हजार रुपये नगद इनाम देने की घोषणा की है.पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार आरोपी के संबंध में विश्वसनीय सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी.

जिला वन समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

सिरोंज, जिला वन समिति की समीक्षा बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें वन संरक्षण, प्रशासनिक पारदर्शिता एवं जनसहभागिता को लेकर कई निर्णय लिए गए. बैठक में सिरोंज वन क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में तेंदुए की गतिविधियों पर भी चर्चा की गई. वन विभाग जिला सभापति, जिला पंचायत सदस्य मंजू नीलम सिंह यादव ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा एवं वन्यजीव संरक्षण दोनों प्राथमिकताएँ हैं. सभी से आग्रह है कि अफवाहों से बचें, सतर्क रहें तथा किसी भी वन्यजीव की सूचना तत्काल वन विभाग को दें.

प्रतिभा स्थली का 140 छात्राओं ने किया भ्रमण

नवभारत न्यूज

विदिशा. जबलपुर स्थित प्रतिभा स्थली की 140 छात्राओं एवं 6 दीदियों ने गुरुवार प्रात: विदिशा पहुंचकर स्टेशन जैन मंदिर में मुनि संघ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर पाठशाला प्रेरणता मुनि श्री 108 निर्णय सागर जी महाराज एवं छुल्लक श्री 105 तत्व सागर जी महाराज का सान्निध्य प्राप्त हुआ.मुनि संघ के दर्शन के उपरांत सभी छात्राओं ने ऐतिहासिक उदयगिरि गुफाओं का भ्रमण किया तथा विश्व प्रसिद्ध सांची स्तूप का अवलोकन किया. इसके बाद सभी छात्राएं श्री शीतल धाम, विदिशा पहुंचीं, जहां भगवान श्री 1008 शीतलनाथ जिनेन्द्र के दर्शन एवं वंदना कर धर्मलाभ प्राप्त किया.इस अवसर पर मुनि श्री ने छात्राओं को धर्म, संस्कार, संयम एवं सदाचार का महत्व बताते हुए आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी. उन्होंने कहा कि जीवन में नैतिक मूल्यों एवं धार्मिक संस्कारों का पालन व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाता है.कार्यक्रम के दौरान 9 अगस्त (रविवार) को दोपहर 1 बजे से श्री शीतल धाम, विदिशा में आयोजित होने वाले मंगल कलश स्थापना महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का भी आह्वान किया गया.

कक्का जी की पुण्यतिथि बनी सेवा और संस्कार का पर्व, 51 पौधे रोपे, बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. समाजसेवा की मिसाल रहे स्वर्गीय किशन सिंह दांगी कक्का जी की 12वीं पुण्यतिथि गुरुवार को सेवा, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाई गई. उनकी स्मृति में 51 पौधों का रोपण किया गया तथा शासकीय प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र बेदनखेड़ी के बच्चों को कंपास बॉक्स, पेन, डायरी, केले एवं बिस्कुट वितरित किए गए.

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं मध्यप्रदेश ग्रामोद्योग एवं खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश जादौन ने स्वर्गीय कक्का जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया. इसके बाद उनके पुत्र कैलाश ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि राजू ठाकुर, एडवोकेट मनोहर ठाकुर, डॉ. राकेश सिंह दांगी, राजेश दांगी, बृजेश दांगी तथा उनके नाती एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर ने बेदनखेड़ी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, बेदनखेड़ी टपरिया और नवनिर्मित श्री किशनजी पैराडाइज गार्डन परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर 51 पौधे लगाए. सभी ने पौधों की देखभाल का संकल्प भी लिया.विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि स्वर्गीय किशन सिंह दांगी %कक्का जी% का जीवन समाज सेवा, सादगी और जनकल्याण का प्रेरक उदाहरण रहा है. उनकी स्मृति में पौधरोपण और बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को सेवा, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हैं.इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार कैलाश सक्सेना, नीरज मिश्रा, जगदीश शर्मा, सोनू बडकुल, रामरतन सेन, जगदीश तिवारी, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, पार्षद राहुल ठाकुर, सुनील साहू, पार्षद प्रतिनिधि मणिभाई अहिरवार, शुभम रघुवंशी, बांके महाराज, नरेन्द्र जैन, स्पनिल जैन, विनीत दांगी, गजेन्द्र औदिच्य, कान्हा नेमा, भजन प्रजापति, गजेन्द्र राजपूत, प्रदीप ठाकुर, टोनी अहिरवार, आकाश यादव, अमित जैन, आशीष रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा- विधायक हरि सिंह सप्रे

नवभारत न्यूज

पठारी. नगर की कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में 3 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से पर्यटन विकास निगम द्वारा आठ अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कराया जा रहा है. निर्माण कार्य में अमानक सामग्री के उपयोग की शिकायत को लेकर नवभारत समाचार पत्र ने 10 जुलाई को प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था. खबर का संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे ने गुरुवार को निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया.निरीक्षण के दौरान विधायक सप्रे ने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि निर्माण में केवल उच्च गुणवत्ता की सामग्री का ही उपयोग किया जाए. रेत को छानकर एवं धोकर उपयोग में लाया जाए, जंग लगे सरियों का प्रयोग नहीं किया जाए तथा अच्छी गुणवत्ता के सीमेंट का इस्तेमाल सुनिश्चित किया जाए.विधायक सप्रे ने कहा कि विद्यालय विद्या का मंदिर है और इसके निर्माण में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

12 वर्षीय बालक को बांधकर मोटरसाइकिल से घसीटने का मामला

- चार बच्चों को सुरक्षित आश्रय
- आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 30 जुलाई, तहसील के ग्राम पड़रिया शिवरामपुर में 12 वर्षीय बालक के साथ कथित अमानवीय हिंसा का मामला सामने आया है. ग्राम सरपंच लक्ष्मण सिंह दांगी के अनुसार 26 जुलाई की रात एक व्यक्ति ने अपने ही 12 वर्षीय पुत्र के हाथ-पैर बांधकर उसे मोटरसाइकिल से घसीटा, जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया.

घटना की जानकारी मिलते ही सरपंच मौके पर पहुंचे और घायल बालक सहित अन्य बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया. साथ ही अंबानगर पुलिस चौकी को सूचना दी गई. इसके बाद मामले की जानकारी सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन के कार्यकर्ता दीपक मिश्रा एवं हजारीलाल पाटस्कर को दी गई. संगठन की पहल पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचना देकर बच्चों की सुरक्षा की प्रक्रिया शुरू कराई गई.अगले दिन बच्चों को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), विदिशा के समक्ष प्रस्तुत किया जाना था, लेकिन बच्चों की दादी उन्हें अपने साथ लेकर चली गईं. बाद में सरपंच ने बच्चों को सुरक्षित खोजकर अपने संरक्षण में रखा. इसके बाद संगठन के कार्यकर्ता दीपक मिश्रा, हजारीलाल पाटस्कर एवं अंकित शर्मा बच्चों को जिला मुख्यालय लेकर पहुंचे, जहां उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया.समिति के निर्देश पर बच्चों का मेडिकल परीक्षण एवं विशेषज्ञों द्वारा काउंसलिंग कराई गई. बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए चारों बच्चों को बाल गृह, भोपाल भेज दिया गया. वहीं बच्चों के पिता के विरुद्ध देहात थाना गंजबासौदा में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया.सरपंच लक्ष्मण सिंह दांगी का आरोप है कि आरोपी अब भी गिरफ्तार नहीं हुआ है और गांव में कुल्हाड़ी लेकर घूमते हुए उन्हें जान से मारने की धमकियां दे रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी लंबे समय से नशे का आदी है तथा पूर्व में भी बच्चों के साथ लगातार मारपीट और प्रताड़ना करता रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी ने पहले भी अपने बच्चे के साथ गंभीर हिंसा की थी.ग्रामीणों ने प्रशासन से आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी तथा बच्चों, शिकायतकर्ताओं और गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है. पुलिस की ओर से इन आरोपों पर आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है.

विधायक उमाकांत शर्मा ने किया लटेरी क्षेत्र के विभिन्न गांवों का जनसंपर्क दौरा

- ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, स्कूल-पंचायत भवन का निरीक्षण किया
- धार्मिक स्थल पर स्वच्छता व्यवस्था पर जताई नाराजगी

नवभारत न्यूज

लटेरी. सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा ने गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों का जनसंपर्क दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया. उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए.

दौरे की शुरुआत बड़ी मदागन स्थित महर्षि जमदग्नि आश्रम से हुई, जहां विधायक ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की. आश्रम परिसर में स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक एवं संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए धार्मिक स्थलों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.बांदरसेना में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीब, किसान एवं मजदूरों के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है और उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है.

देहरीपामा में उन्होंने शासकीय स्कूल एवं पंचायत भवन का निरीक्षण किया. व्यवस्थाओं में कमियां मिलने पर अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए. इसके बाद ककराज में हनुमान मंदिर पहुंचकर दर्शन किए तथा नादियापुरा और अलीगढ़ कोटरा में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का आश्वासन दिया. नादियापुरा की समस्याओं को लेकर उन्होंने कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा भी की.बीजूखेड़ी में ग्रामीणों ने नदी पर पुल निर्माण के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया. इस दौरान मंडल अध्यक्ष राम गुलाम राजोरिया, जिला मंत्री राजकुंवर बघेल, जनपद सीईओ उदय प्रताप सिंह राजपूत सहित भाजपा पदाधिकारी एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे. विधायक ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर कार्य करते रहेंगे.

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

नवभारत न्यूज

विदिशा. भारत सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं. 18 वर्ष से कम आयु के भारतीय बच्चे वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों के आधार पर आवेदन कर सकते हैं. आवेदन केवल पोर्टल के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है.

आशा साहू बनीं अखिल भारतीय तेली महासभा की जिला महिला अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

कुरवाई. अखिल भारतीय तेली महासभा, मध्यप्रदेश ने समाज के संगठन को सशक्त बनाने एवं महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए श्रीमती आशा साहू को विदिशा जिला महिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है. इसकी घोषणा संगठन द्वारा जारी मनोनयन पत्र के माध्यम से की गई.मनोनयन पत्र के अनुसार श्रीमती आशा साहू की सामाजिक सेवाओं, सक्रिय कार्यशैली, संगठन के प्रति समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा तथा समाजहित में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है. संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति से यह नियुक्ति की गई है. उनका कार्यकाल आगामी संगठनात्मक चुनाव तक प्रभावी रहेगा.श्रीमती आशा साहू के मनोनयन पर समाज के लोगों, शुभचिंतकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई दी.

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पेक्स मेहरूखेड़ी

पंजीयन क्रमांक 522 दिनांक 25/2/1995

:: वार्षिक सूचना पत्र ::

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मेहरू खेड़ी के सभी अंशधारी सम्मानिय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की बार्षिक आम सभा का आयोजन दिनांक 14/8/26 दिन शुक्रवार को दोपहर एक बजे से संस्था गोदाम भवन मेहरू खेड़ी में संस्था के ठहराव क्रमांक 7 दिनांक 30/7/26 के अनुसार तय की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात होगी, जिसमें गणपूर्ती की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

लीलाधर शर्मा, समिति प्रबंधक, बी पेक्स मेहरूखेड़ी
किशोर कुमार अहिरवाल, प्रशासक, बी पेक्स मेहरूखेड़ी

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पेक्स हिनोतिया

पंजीयन क्रमांक 95/3/1/61 :: वार्षिक सूचना पत्र :: दिनांक 28/7/26

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित हिनोतिया के सभी अंशधारी सम्मानिय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की बार्षिक आम सभा का आयोजन दिनांक 19/8/26 दिन बुधवार को दोपहर एक बजे से संस्था गोदाम भवन हिनोतिया में संस्था के ठहराव क्रमांक 17 दिनांक 20/7/26 के अनुसार तय की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात होगी, जिसमें गणपूर्ती की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

लालता प्रसाद दीक्षित, समिति प्रबंधक, बी पेक्स हिनोतिया
किशोर कुमार अहिरवाल, प्रशासक, बी पेक्स हिनोतिया

मौन सूचना

विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.

ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO

विकास पचौरी रेडियो 84 35 250 250

और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

आस्था | हजारों श्रद्धालुओं ने माता जानकी के किए दर्शन, राई नृत्य, धार्मिक आयोजनों से दिनभर गूंजा मंदिर परिसर

गुरु पूर्णिमा पर करीला धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवभारत न्यूज

सिरोंज, गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रसिद्ध धार्मिक स्थल करीला धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा. तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा. सिरोंज सहित आसपास के जिलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु माता जानकी के दरबार में पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगल की कामना की.

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते पूरे मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल बना रहा. माता जानकी, लव-कुश मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं. श्रद्धालुओं ने धैर्य और श्रद्धा के साथ अपनी बारी का इंतजार कर दर्शन किए. मंदिर परिसर में दिनभर माता जानकी के जयकारे गूंजते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा. गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, पूजन-अर्चन किया. करीला धाम की परंपरा के अनुरूप माता जानकी के दरबार में प्रसिद्ध राई नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं. बुंदेलखंड की इस लोक कला ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया. धार्मिक आस्था और लोक संस्कृति का यह संगम आयोजन का प्रमुख आकर्षण बना रहा. मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में अस्थायी दुकानों की लंबी कतारें लगी रहीं. पूजन सामग्री, प्रसाद, खिलौने, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, मिठाइयां तथा विभिन्न प्रकार के खान-पान के स्टॉलों पर दिनभर अच्छी चहल-पहल रही. दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने खरीदारी का भी आनंद लिया. श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रबंधन एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं.